# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 26 फाल्गुन, 1933 (श०)
16 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—196

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 85 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 87 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (5) विधि विभाग .. | .. | .. | 05 |
| (6) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 196 |

अ० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

''क''-*599. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तीस हजार की आबादी पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत, कचौड़ी प्रखण्ड मुख्यालय से करीब पन्द्रह कि०मी० की दूरी पर है तथा उसकी आबादी लगभग बारह हजार से अधिक है तथा आस-पास के दर्जनों गांव को मिलाकर तीस हजार से ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है ?

----------

कमी दूर करना

''ख''-*601. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पौआखाली में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, परन्तु चिकित्सकों की कमी है, यदि हां, तो इस कमी को दूर करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

चिकित्सक पदस्थापित करना

''ग''-*604. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों का कुल स्वीकृत पद 104 है जिसके विरुद्ध जिला में केवल 29 डॉक्टर विगत दो वर्षों से पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, किशनगंज में कुल 29 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं जिनमें केवल 6 डॉक्टर पदस्थापित हैं जिस कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में डॉक्टरों के स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अति प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

*1865. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के अटहर, धनौली, ठाठोपुर, जोरजा, बिठौली एवं हायाघाट प्रखण्ड के घोसरामा में अतिरिक्त प्रा०स्वा० केन्द्र खोलने की स्वीकृति 2007 में ही दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक अति० प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं खोला गया है;

(3) यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अति० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क'' दिनांक 2 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

नोट--''ख'' दिनांक 2 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

नोट--''ग'' दिनांक 2 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

भवन निर्माण करना

*1866. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के परसौनी प्रखण्ड के गिसारा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का किराये के मकान में संचालन वर्ष 1984 से किया जा रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक इस अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

अस्पताल खोलना

*1867. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले में बेलसंड अनुमंडल होने के बावजूद भी अनुमंडलीय स्तर का अस्पताल नहीं रहने के कारण महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं की जा रहा है, फलस्वरूप महिलाओं को इलाज में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेलसंड अनुमंडल में स्वास्थ्य विभाग एवं बिहार सरकार की काफी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुविधा बहाल करना

*1868. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006-07 में राज्य के प्रत्येक जिला में जिला संचालन समिति के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर नये प्रा० स्वा० केन्द्र तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की स्वीकृति दी गई थी;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रस्ताव के आलोक में स्वीकृत केन्द्रों का निर्माण तथा अन्य चिकित्सीय सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति बढ़ाना

*1869. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मसौढ़ी और धनरूआ प्रखण्ड में 2-2 घंटा कर 6 से 7 घंटे तक बिजली आपूर्ति होती है, जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखण्ड में बिजली की आपूर्ति बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वा० उ० केन्द्र खोलना

*1870. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के बरियगांव, मेटुनिया, तुर्की, धोबीपुर एवं हायाघाट प्रखण्ड के पोराम, रसलपुर, वासा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने की स्वीकृति 2007 में ही दी गई है परन्तु अभीतक उप-केन्द्र नहीं खोला गया है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों को खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति कराना

*1871. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखण्ड के मोमिन्दरपुर गाँव के उपभोक्ताओं द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु सारी औपचारिकताएँ एक वर्ष पूर्व पूरा करने के बाद भी उक्त गाँव के उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

नियमित विद्युत आपूर्ति करना

*1872. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पैंगरी, सौर, वरनामा, मकनपुर तथा कटरी इत्यादि को वारिसलीगंज विद्युत उप-केन्द्र से नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पाती है, यदि हां, तो नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

ऊर्जान्वित करना

*1873. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखण्ड के 7 गाँवों यथा अनैदावारा, जाफरा, मानपुर, चकवारा, दीरमोवारा, धनौन एवं भट्ठा में स्थित राजकीय नलकूप विगत 10 वर्षों से विद्युत अभाव में बन्द पड़ा हुआ है, जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानी होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप को ऊर्जान्वित करने हेतु वर्ष 2008 में ही लघु जल संसाधन विभाग द्वारा ऊर्जा विभाग को प्रत्येक नलकूप के लिए 1-1 लाख रुपया उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि आजतक उक्त नलकूपों को ऊर्जान्वित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*1874. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड के टेगरहा पंचायत एवं विसनपुर सुन्दर एवं बेलारी पंचायत में आजादी के 63 वर्ष बीतने के बावजूद विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार की ऊँचाई बढ़ाना

*1875. श्री जनार्दन माँझी--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''जर्जर विद्युत तार से दुर्घटनाओं की आशंका'' पर क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत अमरपुर, कल्याणपुर चोकर पथ में प्रधान मंत्री,ग्रामीण सड़क का निर्माण होने के क्रम में विद्युत पोल तार की ऊँचाई काफी कम हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि अमरपुर-कल्याणपुर चोकर पथ काफी घनी आबादी वाला क्षेत्र है, साथ ही उक्त पथ पर बड़ी-बड़ी गाड़ियों का परिचालन दिन-रात होता रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि विद्युत तार की ऊँचाई कम रहने के कारण बड़ी गाड़ियों के परिचालन से विद्युत प्रवाहित तार पर कुप्रभाव पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमरपुर-कल्याणपुर चोकर पथ में विद्युत् तार की ऊँचाई को बढ़ाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*1876. श्री संजय सरावगी--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 8 फरवरी, 2012 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''उद्घाटन के चार दिन बाद ही झुलने लगी ताला'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में 50 लाख की लागत से डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में अल्ट्रामॉडर्न लेबर रूम की स्थापना की गयी थी एवं उद्घाटन के चार दिनों बाद ही उसमें ताला झूलने लगा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उसको चालू कराकर मरीजों को उसका लाभ दिलवाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1877. श्री सतीशचन्द्र दूबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड में एन०एच०पी०सी० के द्वारा लगाया गया निम्न शक्ति 16 एवं 25 के०भी०ए० का लगभग 50 ट्रांसफॉर्मर पिछले छः महीने से जला हुआ है, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है तथा आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जले ट्रांसफॉर्मरों की जगह पर उच्च शक्ति का ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*1878. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड में 10 एवं कटरा प्रखण्ड में 9 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 2 वर्षों से स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कुल स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से औराई प्रखण्ड में 4 एवं कटरा प्रखण्ड में 3 स्थानों पर स्वास्थ्य केन्द्र कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं, शेष स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किसी तरह का कार्य नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित शेष स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1879. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत फुलवरिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज कोयला देवा के ग्राम सेमरवारी, तीन टोलवां एवं वनरहां ग्राम विद्युतीकरण से अभीतक वंचित है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्राम को विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति करना

*1880. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मानडीह पंचायत फरका बुजुर्ग में लकड़ी का पोल टूट जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूपों में विद्युत् आपूर्ति करना

*1881. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास प्रखंड स्थित राजकीय नलकूप वैका, बछौनी, धर्मडीहा, सिजौलिया, वजराहा टोल, सिसवा वरही चतरा टोल, सिसवा वरही (धौसही), नवटोल वहुअखा ग्राम सेवक टोल, दो अदद गेडुया वैरिया एवं दो अदद गोरगामा का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण दस वर्षों से बन्द है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त राजकीय नलकूपों में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*1882. श्री अखतरुल ईस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर विद्युत् अंचल में आपूर्ति किए गए विद्युत् ट्रांसफॉर्मर की गुणवत्ता सही नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पर्यटक स्थल में विकसित करना

*1883. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत बन्दरझूला पंचायत के कन्हैयाजी हाट में पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल का वर्षों पुराना दो ऐतिहासिक टीले एवं श्री कृष्ण भगवान की पत्थर की मूर्ति है एवं नगर पंचायत ठाकुरगंज में ऐतिहासिक भीम तकिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वे कार्य कर कन्हैयाजी अवस्थित टीलों की खुदाई कर उक्त स्थान की चहारदीवारी कर दी गई है, यदि हां, तो पर्यटन स्थल के रूप में इन स्थलों को विकसित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

----------

विद्युतीकरण करना

*1884. श्रीमती दिलमरणी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर प्रखण्ड के ग्राम बड़की नैनीजोर में आजादी के वर्षों बाद भी विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त ग्राम में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1885. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल मुख्यालय में वर्ष 1990 में एक रेफरल अस्पताल की स्थापना की गई;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेफरल अस्पताल का भवन बनकर तैयार है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन में अभीतक रेफरल अस्पताल नहीं चलकर रेफरल अस्पताल का बोर्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडौल में लगा दिया गया है एवं रेफरल अस्पताल के मापदंड के अनुसार चिकित्सक एवं अस्पताल की उपकरण की व्यवस्था नहीं हो पाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकसित करना

*1886. श्रीमती पूनम देवी यादव--दिनांक 9 जनवरी, 2012 के दैनिक अखबार भागलपुर संस्करण में छपी खबर शीर्षक ''कात्यानी स्थान को नहीं मिल पाया पर्यटन स्थल का दर्जा'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में कोशिकी (कोशी) नदी के तट पर 400 वर्षों से माँ कात्यानी स्थान स्थापित है और विख्यात है जो देश के 52वां शक्ति पीठ में 51वां स्थान है, यदि हां, तो इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1887. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के मण्डई डीह, खेसराही, चाँदपुर फतह, गो-बेला आदि ग्रामों के ट्रांसफॉर्मर विगत 5 वर्षों से जले हुए हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

दवा उपलब्ध कराना

*1888. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अनुग्रह नारायण मगध हॉस्पिटल एवं कॉलेज में विगत छः महीनों से कुत्ता काटने पर जो सुई पड़ता है, वह उपलब्ध नहीं है जिसके कारण मरीजों को कुत्ता काटने पर सुई नहीं दिया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुत्ता काटने पर जो सुई दिया जाता है, उस दवा को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण

*1889. डॉ० अच्युतानन्द—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अस्पतालों में जहां वर्ष 2008 में सिर्फ 8 लाख मरीज भर्ती हुए वहीं 2011 में इनकी संख्या 24 लाख हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में ही राज्य में 2915 अस्पतालों के निर्माण की मंजूरी सरकार द्वारा दी गई परन्तु आवश्यक निधि की उपलब्धता के बाद भी अभीतक मात्र 872 अस्पतालों का ही निर्माण हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनता के आवश्यकता के अनुरूप अस्पतालों के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*1890. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में, मंगलपुर पंचायत के पनटोका, शेखौना, बरदेयाही एवं चम्पापुर पंचायत के चम्पापुर महादलित बस्ती, करबला चिकवा टोला ग्राम में आजादी के बाद अभीतक विद्युत् की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

*1891. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में उपकारा, शेरघाटी अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपकारा में 24 (चौबीस) घंटे विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था नहीं, है, यदि हां तो क्या सरकार उपकारा में 24 घंटा विद्युत् की आपूर्ति का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अंकेक्षण कराना

*1892. श्री विक्रम कुंवर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए दी गई राशि का अंकेक्षण सरकारी अंकेक्षक के बजाय प्राइवेट अंकेक्षक चार्टर एकाउन्टेंट से कराया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति को मात्र उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजा जाता है तथा चार्टर एकाउन्टेंट द्वारा मात्र वाइलेंस सीट का मिलान किया जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चार्टर एकाउन्टेंट के बजाय सरकारी अंकेक्षक से जिला स्वास्थ्य समितियों का अंकेक्षण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता राशि देना

*1893. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के ग्राम काशी टेंगराही के ग्राम कटेया टोला सरल कुमारी, पिता-लालबाबू रावत की मृत्यु दिनांक 5 दिसम्बर, 2010 को आग लगने के कारण हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सरल कुमारी की आग लगी में हुई मृत्यु की प्राथमिकी महम्मदपुर थाना में दर्ज हुई जो थाना काण्ड संख्या 1/2010 है;

(3) क्या यह बात सही है कि आग-लगी में मृत्यु होने पर आपदा प्रबंधन के तहत 1 लाख रु० सहायता राशि देने का प्रावधान है, जो अबतक नहीं दी गई है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1894. श्री बृजकिशोर सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं कर्मचारियों के रहने के लिए आवासीय भवन उपलब्ध नहीं रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मोतीपुर स्वास्थ्य केन्द्र में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवहार न्यायालय खोलना

*1895. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडल की स्थापना वर्ष 1999 में की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा०उ०के० की स्थापना

*1896. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखण्ड के किसनदासपुर पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक पंचायत में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का वर्ष 2007 में निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगाँव प्रखण्ड के उक्त पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1897. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा एवं नगरा प्रखण्डों के डुमरी, सेन्दुआरी, पूर्णडीह सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामों में विद्युत् ट्रांसफॉर्मर 1 वर्ष के ऊपर से जला है, यदि हां, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर को बदलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि खर्च करना

*1898. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के विभागों द्वारा 31 दिसम्बर, 2011 तक योजना मद में मात्र 6000 करोड़ रुपये ही खर्च किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार 31 मार्च, 2012 तक योजना मद में अवशेष 18000 करोड़ रुपये की राशि को खर्च करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*1899. श्री दिलीप वर्मा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकटा सब-पावर स्टेशन को एन०टी०पी०सी० द्वारा वर्ष 2010 तक बनाकर विद्युत की आपूर्ति करना था जो आजतक पूरा नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिकटा सब-पावर स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर विद्युत आपूर्ति कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र एवं संयंत्र चालू कराना

*1900. श्री राम सेवक हजारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के कल्याणपुर में कालाजार निरोधक केन्द्र स्थापित है और उसमें करोड़ों का संयंत्र भी क्रय किया गया है, जो वर्ष 2001 ई० से पड़ा हुआ है, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में कालाजार निरोधक केन्द्र एवं संयंत्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*1901. श्री बैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चकसिकन्दर का खपरैलनुमा भवन वर्ष 1982 एवं वर्ष 2007 की भीषण बाढ़ में पूर्णरूपेण ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र मात्र एक नर्स के सहारे चल रहा है जिससे रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कराने के साथ-साथ चिकित्सक एवं अतिरिक्त नर्स की पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शिथिलता का औचित्य

*1902. श्री अवनीश कुमार सिंह—स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 12 फरवरी, 2012 को प्रकाशित समाचार

शीर्षक ''पाँच वर्षों से लंबित पर्यटन की योजनाएँ'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2004-05 में स्वीकृत महेशखुंट में मार्गीय सुविधा के विकास की योजना से लेकर 2011-12 की योजना खानकाह मुजीबिया फुलवारीशरीफ का सौंदर्यीकरण में से एक भी योजना आजतक पूरी नहीं हुई, यदि हां, तो इस तरह की शिथिलता का औचित्य क्या है ?

---

विद्युतीकरण करना

*1903. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्डान्तर्गत चिकसौल बाल (महादलित टोला), बसडीहां टोला, सुकहरा टोला, कायस्थ बहुआरा (बाल), बेनसागर, बाद टोला, चांदी टोला, चांदी पर्टी लेवां, सरेयां टोला, बेचन टोला, कंचन टोला एवं अन्य गांवों में आजादी के पश्चात् आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के ग्रमीण इलाकों में स्थित गांवों को चिन्हित कराकर विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1904. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत छतौना के छतौना, गंगापुर टोला, सूरतपुर एवं डढ़िया रामकृष्णपुर में ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो इन स्थानों पर अभीतक ट्रांसफॉर्मर स्थापित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

चि० सुविधा उपलब्ध कराना

*1905. श्री अजीत कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मड़बन प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी एवं स्वास्थ्यकर्मी के लिए आवासीय सुविधा नहीं होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी रात्रि में उपलब्ध नहीं रहते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में रात्रि सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त प्रखंड के 55 गाँव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त अस्पतालों में चहारदीवारी एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराकर रात्रि स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन करना

*1906. डा० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वर्ष 2011-12 में आवंटित राशि 31 मार्च, 2012 के बाद लेप्स करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में उक्त योजना के तहत चयनित एक भी योजना को अबतक कार्य रूप नहीं दिया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त चयनित योजना को कार्य रूप देने के लिए कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*1907. डॉ० अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवहट्टा में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को खासकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1908. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ प्रखण्ड स्थित बेलगंज प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन अत्यंत पुराना एवं जर्जर स्थिति में है जो कभी भी गिर सकती है, यदि हां, तो क्या सरकार इस प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के लिए नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कानून बनाना

*1909. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक दिनांक 22 जनवरी, 2011 को पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''अंग प्रत्यारोपण के लिए पहले पास हो एक्ट'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अभीतक राज्य में आर्गन ट्रांसप्लांट एक्ट नहीं होने के कारण राज्य के अन्दर बड़े अस्पतालों में किडनी, लीवर, फेफड़ा, आँख और पैंक्रियाज आदि अंगों का प्रत्यारोपण नहीं होता है, जिससे यहाँ के रोगियों को बाहर महँगा इलाज कराने के लिए विवश होना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कानून बनाकर बिहार राज्य के निवासियों को उक्त सुविधा प्रदान करने हेतु कदम उठाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1910. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रून्नीसैदपुर विधान-सभा क्षेत्र के नानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत (1) बाथअसली (2) पंडौल एवं (3) नौवाडीह ग्राम के स्वास्थ्य केन्द्र के लिये जमीन 16 वर्ष पूर्व उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन आजतक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1911. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के चइरहिया पंचायत के खोड़ी पाकड़, हरसिद्धि, पकड़िया पंचायत के वार्ड नं० 9 राम चन्द्र प्र० के निकट एवं पकौलिया प्रखण्ड के बिजूलपुर मठवा महादलित बस्ती के ट्रांसफॉर्मर छह माह पूर्व से जला हुआ है, जिससे आमजनों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त सभी 100 के०भी० के ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1912. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 30 शैय्या वाले स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनहा का भवन 5 वर्षों से जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनहा को 30 शैय्या वाले स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कर भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1913. श्रीमती दिलमरणी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर प्रखण्ड के ग्राम चन्द्रपुरा, मनकी, बरारी में ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण करना

*1914. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के डबुर पंचायत के इसमाईलपुर अ०प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र को अपना भवन नहीं है, एवं भाड़े के मकान में चालू है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों?

--------

रिक्त पद भरना

*1915. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है राज्य के विभिन्न अदालतों में न्यायिक अधिकारियों के स्वीकृत 1385 पदों में से वर्तमान में 323 पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के विभिन्न न्यायालयों में वर्तमान में 18 लाख 67 हजार 252 मामले लम्बित हैं जिसमें 12 लाख 90 हजार आपराधिक और 2 लाख 52 हजार सिविल मामले शामिल है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण करना

* 1916. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत परैया प्रखंड में झीकटीया गाँव के उप-स्वास्थ्य केन्द्र का यूनिट है पर भवन नहीं है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

* 1917. श्रीमती उषा सिन्हा-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड के नवडीहा ग्राम की अधिकांश आबादी पिछड़ा एवं अनुसूचित जाति बहुल है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव पिछले बीस वर्षों से विद्युतविहीन है तथा विद्युतीकरण के अभाव में ग्रामीण एवं किसान सिंचाई तथा अन्य सुविधाओं से वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवडीहा ग्राम का विद्युतीकरण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर बदलना

* 1918. श्री सुरेन्द्र मेहता-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखंड के जिनपुर ग्राम में विद्युत् ट्रान्सफॉर्मर छः महीनों से जला हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है ?

--------

विद्युत संबंध जोड़ना

* 1919. डॉ० दाउद अली-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ग्राम-सरौरा, छतनवार, कृष्णाश्रम, नेनुआ, कुशलपुर आदि में स्टेट ट्यूबवेल को विद्युत संबंध से नहीं जोड़ने के कारण बंद पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले के उक्त स्टेट ट्यूबवेल विद्युत संबंध जोड़ने की सभी अर्हता पूर्ण करता है फिर भी विद्युत् संबंध नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला के सभी स्टेट ट्यूबवेल को शीघ्र विद्युत संबंध जोड़ने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राहत सामग्री नहीं देने का औचित्य

* 1920. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह-- क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी प्रखंड के बलहपुर-1 पंचायत के मो० मीरा देवी पति स्व० दिलीप सहनी, राम सेवक पंडित पे० नाथो पंडित सहित 9 परिवार का नाम पारिवारिक सर्वेक्षण सूची में नहीं रहने के कारण 2011 - 2012 में बाढ़ राहत सामग्री नहीं दिया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर बदलना

* 1921. श्री महेश पासवान-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के भटवारा गाँव एवं चरकी गाँव में एक वर्ष से ट्रान्सफॉर्मर जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के जले ट्रान्सफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

* 1922. श्री कृष्ण कुमार-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के झझवा पावर सब-स्टेशन में लगे 100 के०वी० के ट्रान्सफॉर्मर वर्ष 2009-10 में चोरी हो गई जिससे पावर हाउस में लगे ब्रेकर कार्य नहीं कर रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि ब्रेकर के कार्य नहीं करने से झझवा पावर हाउस में विद्युत संचार व्यवस्था वर्ष 2009-10 से ठप्प है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक झझवा पावर सब-स्टेशन में 100 के०वी० का ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार करना

* 1923. श्री विनोद कुमार सिंह-- दिनांक 18 जनवरी, 2012 को हिन्दी समाचार में प्रकाशित ''अस्पताल का अस्तित्व संकट में'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय वर्ष 1919 से संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि औषधालय का भवन की मरम्मती उसके बाद नहीं हुआ है जिसके चलते भवन का छत की परत टूट कर गिर रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल ने अपने पत्रांक 15, दिनांक 3 फरवरी, 2011 के द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग के उक्त औषधालय के जीर्ण भवन के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन हेतु प्रस्तावित नक्शा एवं प्राक्कलन की स्वीकृति एवं आवंटन हेतु प्रस्ताव भेजा है जबकि उसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, समस्तीपुर के औषधालय भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 1924. श्री तारकिशोर प्रसाद-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में कटिहार प्रखंड के परतैली गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति मार्च, 2008 में ही दी गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन का निर्माण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*1925. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के तुर्की, पानापुर, सतजोड़ा, रसौली, धनौती फकुली, वैगरह गांवों का बिजली का तार विगत 5 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के सभी गावों के जर्जर बिजली तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

डाक्टर एवं दवा नहीं होने का औचित्य

*1926. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल सर्वोदय सेखोदेवरा आश्रम में पिछले 6 महीने से डॉक्टर उपस्थित नहीं है एवं दवा अनुपलब्ध है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1927. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के अन्तर्गत बेला पंचायत वार्ड नं० 7, 8 एवं 9 में 300 घर की आबादी में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत परियोजना के तहत 16 के०वी० का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया जो अधिक भार के कारण दो वर्ष पूर्व जल गया;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर बदलकर 100 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शेड एवं संयंत्र बदलना

*1928. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर में बिनोदपुर स्थित पावर सब-स्टेशन परिसर में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्क्स शॉप में गत वर्ष आग लगने के कारण शेड एवं कई महत्वपूर्ण संयंत्र जल चुके हैं जिससे ट्रांसफॉर्मर मरम्मत करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार शेड एवं जले संयंत्र बदलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1929. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में वर्ष 2006-07 पीरीबाजार, कजरा, चानन (मननपुर) में विद्युत सब-स्टेशन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीरीबाजार, कजरा, चानन (माननपुर) में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*1930. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा सदर एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में अनुबंध/मानदेय के आधार पर फिजियोथेरापिस्ट एवं ऑकुपेशनल थेरापिस्ट के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 16 नवम्बर, 2008 एवं दिनांक 10 दिसम्बर, 2009 को विज्ञापन निकाला गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि आवेदन पत्रों की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर, 2009 रहने के बावजूद अभीतक उस पद की नियुक्ति नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना

*1931. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला को वर्तमान समय में आवंटित कुल पन्द्रह मेगावाट बिजली के विरुद्ध मात्र पांच मेगावाट बिजली ही प्रतिदिन प्राप्त हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में ही अवस्थित सिधवलिया चीनी मिल में प्रतिदिन सत्रह मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है जो जिला से बाहर चला जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि सिधवलिया चीनी मिल में बिजली उत्पादन के समय सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि इस चीनी मिल से उत्पादित कुल बिजली का 80 प्रतिशत हिस्सा गोपालगंज जिला को दिया जाएगा किन्तु इसका पालन नहीं किया जा रहा है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1932. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के ग्राम सनोखर में एक ही ट्रांसफॉर्मर से ग्रामीण जलापूर्ति योजना हेतु निर्मित पम्प हाउस एवं आम ग्रामीण जनता को विद्युत की आपूर्ति की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिक लोड हो जाने के कारण पेयजल हेतु बने पानी टंकी पर पानी नहीं चढ़ पाता है, जिसकी सूचना प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्रांक 968, दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को माननीय मंत्री ऊर्जा को दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम सनोखर में लगे पम्प हाउस हेतु अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाकर पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

इलाज प्रारम्भ करना

*1933. श्री संजय सरावगी--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 8 नवम्बर, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''ढाई करोड़ की नयी मशीन नहीं चली ढाई दिन'' पुन: दिनांक 6 फरवरी, 2012 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''आई०सी०सी०यू० में धूल फांक रहे पाँच वेंटिलेटर'' के आलोक में क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में वर्ष 2009-10 में 2.50 करोड़ के लागत से ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट एवं वर्ष 2007-08 में 11 मेकेनिकल वेंटिलेटर 91 लाख की राशि से लगायी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों मशीनों एवं वर्ष 2007-08 से 2010-11 तक लगभग 6 करोड़ की राशि से हेमोडायलेसिस सी०आर०आर०टी०, पेस मेकर लैब, डेफीब्रेलेटर प्री मेमोग्राफ, लेप्रोस्कोपिक अत्याधुनिक मोरसेलेटर इमेज इन्टेन्सीभ फायर आर्थोस्कोपीक औटोमेटेड सी०बी०सी०, पार्ट मोलाइजर एवं ओटो कंटीनुअस रिनल रिप्लेसमेन्ट थेरेपिक, वेन्सुलेशन डिवाईस, एन०टी० स्टेटीकप्रोक्सी स्टेलाईजर, अल्ट्रासाउण्ड, 3-डिस्क इन्फेक्सन मशीन एवं अन्य मशीनें खरीदी गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सभी मशीनें खरीदने के समय से ही इन मशीनों से मरीजों का इलाज नहीं किया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर मरीजों को उक्त मशीनों से इलाज प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकसित करना

*1934. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया में केशरनाथ का शिवलिंग अजूबा एवं आदि काल का है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस शिवलिंग का दर्शन करने के लिए भारत तथा विदेशों से काफी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं, लेकिन पर्यटकों के सुविधा के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल को विकसित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार बदलना

*1935. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कैला के ग्राम महमदपुर से परसडीहा का 4 कि०मी० लम्बा 11 हजार का तीनों फेज तार जर्जर है, जिस कारण निकटवर्ती दर्जनों गाँवों की विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार जर्जर तार को बदलकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वीच एवं ब्रेकर उपलब्ध कराना

*1936. प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, मधेपुरा ने मधेपुरा में दो ब्रेकर एवं 07 (सात) स्वीच लगाने हेतु प्राक्कलन बनाकर दिनांक 6 मई, 2011 को ही बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि 09 (नौ) महीना बीत जाने के बाद भी स्वीच एवं ब्रेकर मधेपुरा में नहीं लगा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधेपुरा विद्युत प्रमण्डल को प्राक्कलन के अनुसार स्वीच एवं ब्रेकर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1937. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 अक्टूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''80 फीसदी पी०एच०सी० के फोन डेड'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2005 में प्रदेश के सभी पी०एच०सी० में लैंड लाईन फोन पर डाक्टरों की उपस्थिति की जानकारी के लिए व्यवस्था की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति में इसके लिए सेल का गठन भी उक्त अवधि में की गयी थी, परन्तु आजतक राज्य के 80 फीसदी पी०एच०सी० के फोन बन्द पड़े हैं, जिससे डाक्टरों की उपस्थिति की जानकारी नहीं हो पाती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित विभागीय पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए पी०एच०सी० में डेड फोन को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

जमीन आवंटन करना

*1938. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड परसा के ग्राम बलिगाँव में विगत 20 वर्ष पहले गंडक नदी का भारी कटाव हुआ था, जिससे उक्त गाँवों के सभी लोग घर से बेघर हो गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव के लोगों को बसाने के लिए सरकारी जमीन आवंटन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

हाई मॉस्ट लाईट लगाना

*1939. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत डॉ० राजेन्द्र प्रसाद चौक सहित दो अतिरिक्त चौक पर हाई मॉस्ट लाईट मुख्य मंत्री विकास योजना से वित्तीय वर्ष 2007-08 में कार्य एजेंसी पथ प्रमण्डल, खगड़िया के द्वारा लगाई गई;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 27 नवम्बर, 2009 को मात्र कुछ पल के लिए आमजनों के बीच हाई मॉस्ट लाईट जलाया गया जो आजतक फिर से दूबारा नहीं जल पाया;

(3) यदि उपर्युक्त वर्णित खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया शहरी क्षेत्र में लगे हाई मॉस्ट लाईट सुचारू रूप से जलवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*1940. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत माधोपुर के ग्राम धरमपुर में सिंचाई नलकूप उपयुक्त विद्युत तार के अभाव में बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप तक विद्युत आपूर्ति हेतु लोहा का तार लगा हुआ था, जो कालक्रम में जंग लगने से खराब हो गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त तार को बदलने हेतु स्थानीय पदाधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से जनवरी, 2011 में अनुरोध किया गया है, परन्तु स्थिति पूर्ववत है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तार को बदलकर नलकूप चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दवा उपलब्ध कराना

*1941. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 जनवरी, 2012 के अंक में छपी खबर "मरीज बेजार, दवाइयों की दरकार" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के अस्पतालों में दवाओं और पैथोलॉजिकल जांच की मुफ्त व्यवस्था करने के बाद भी अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीज की जेब से औसतन 3096 रुपये खर्च होते हैं एवं अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण चिकित्सकों द्वारा लिखी गई जेनेरिक दवाएं मरीजों को बाजार से खरीदनी पड़ती है जिनकी कीमत ब्रांडेड दवाओं से तीन गुणा अधिक है, यदि हां, तो कम कीमत में दवा उपलब्ध कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

उप-स्वा० केन्द्र का निर्माण

*1942. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड के लोहपुरा पंचायत में एक भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1943. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड के गोनामां पंचायत स्थित गोनामां जल मिनार रोड में 6 वर्षों पूर्व ही एडीसनल ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु स्वीकृति मिली थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृति के पश्चात् ग्रामीणों को 7 समानों की आपूर्ति किया गया था, शेष ट्रांसफॉर्मर सहित 8 समानों की आपूर्ति नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एडीसनल ट्रांसफॉर्मर शीघ्र लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

उच्च क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1944. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखण्ड के रामपुर जलालपुर में 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर ज्यादा लोड होने के कारण जला हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अधिक क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1945. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखण्ड के कुर्भी, अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या 9 (नौ) है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अस्पताल में मात्र 4 (चार) डाक्टर कार्यरत है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त अस्पताल में रिक्त पड़े डाक्टरों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*1946. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखण्ड के बहुआरा, बलिगांव, तिसीऔत, मण्डई डीह के स्वस्थ्य उप-केन्द्र का भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण करना

*1947. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखण्ड अन्तर्गत सरैया पंचायत में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं सिधवलिया प्रखण्ड के पंचायत करसघाट में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन पूर्णतः क्षतिग्रस्त है, जिससे स्वास्थ्य सेवा वर्ष 1990 से बंद है,

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक क्षतिग्रस्त भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1948. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के रेवतीथ दरबार में लगे 63 के०वी०ए० के ट्रांसफॉर्मर, राजापट्टी कोठी में 100 के०वी०ए० के ट्रांसफॉर्मर, बरौनी प्रखण्ड के सदौवां कल्याणपुर मठिया में 100 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर पिपरा ग्राम के 63 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर, कुशहर पंचायत के पंचायत भवन, सिधवलिया में लगे 63 के०वी०ए० के ट्रांसफॉर्मर विगत 1 वर्षों से जले पड़े हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1949. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के गेड़ाबाड़ी बाजार एवं खेरिया हाट तथा फलका प्रखण्ड के फलका बाजार में लगे ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चि0 सुविधा देना

*1950. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियार प्रखण्ड के जयनाथ सेवा सदन, सलमपुर में 30 बेड का अस्पताल स्वीकृत है किन्तु चिकित्सक एवं उपस्कर की कमी के कारण अस्पताल के पूरे क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में 30 बेड अस्पताल हेतु निर्धारित चिकित्सक, उपस्कर एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*1951. श्री प्रमोद कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 10 फरवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "कराह रही थी प्रसव के लिए आयी महिला, गायब थी डॉक्टर एवं मरीज के परिजनों ने किया हंगामा" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला का मुख्यालय मोतिहारी के सदर अस्पताल में आये दिन गर्भवती मरीजों के साथ ऐसी घटना घटती है, यदि हां, तो क्या सरकार इसके जिम्मेवार चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण करना

*1952. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के अधीन लखीसराय नगर परिषद के वार्ड 18 जो कमोला में 35 व्यक्तियों द्वारा बिजली के कनेक्शन के लिए 22 नवम्बर, 2004 को ही कार्यपालक अभियंता कार्यालय में शुल्क जमा कर दिया गया है, किन्तु विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हुई है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1953. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखण्ड के मच्छरगावा बाजार का विद्युत ट्रांसफॉर्मर जून, 2011 से जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1954. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली विधान-सभा क्षेत्र के सिरदला पंचायत में ग्राम झरना एवं गुलाबनगर का ट्रांसफॉर्मर विगत पाँच वर्षों से जला हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम वरसोत, ग्राम अमहदी, ग्राम हेमजा भारत, ग्राम कुसमातरी में भी ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांवों में जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोल एवं तार बदलना

*1955. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिक्रम से पालीगंज तक विद्युत पोल तार जर्जर स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिक्रम से पालीगंज तक की जर्जर विद्युत पोल का तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1956. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सभी सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु साईलेंट जेनरेटर को निविदा विगत दो वर्ष पूर्व आमंत्रित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित शर्त के आधार पर संवेदक द्वारा जो जेनरेटर आपूर्ति की गई है, वह आई0एस0आई0 मार्क का है, पर साईलेंट नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि जेनरेटर के लॉग बुक संधारण में व्यापक गड़बड़ी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1957. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला अन्तर्गत छौड़ादानों प्रखण्ड के ग्राम बैकुटवा का 65 के0 भी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर विगत 2 वर्षों से खराब है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलकर 100 के0 भी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत आपूर्ति करना

*1958. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के शिवानन्दपुर ग्राम में वर्ष 2003 में 42 उपभोक्ता बने हैं तथा आबादपुर ग्राम में वर्ष 1995 में 58 उपभोक्ता बने हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इन उपभोक्ताओं को आजतक विभाग के द्वारा विद्युत मुहैया नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक विद्युत् मुहैया करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

उप स्वा०के० खोलना

*1959. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखण्ड के रानीचक, दुधौना एवं सिमराहा के बीच उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से ग्रामीणों को इलाज करवाने में काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1960. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कजरा महादलित टोला के बिजली का ट्रांसफॉर्मर विगत 5 वर्षों से जला पड़ा है, यदि हां, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

*1961. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—दिनांक 16 नवम्बर, 2011 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित "निपनियों वासी अभी भी विद्युत् से हैं वंचित" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा अनुमंडल अधीन आजादी के 64 वर्ष बीतने के बाद भी अनुमंडल से सटे निपनियों गाँव में विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने वर्ष 2010 में उक्त गाँव में विद्युत् आपूर्ति करने हेतु संबंधित विभाग से अनुरोध किया था, जबकि आजतक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त गाँव में विद्युत् आपूर्ति करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रसव की व्यवस्था कराना

*1962. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के छोड़ाही प्रखण्ड में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं के प्रसव की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि महिलाओं को प्रसव के लिए दूसरे प्रखण्ड जाना पड़ता है, जिसमें काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव की व्यवस्था उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० उप-केन्द्र खोलना

*1963. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत दावध प्रखण्ड के गोसलडीह (गोसलडीह) पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, यदि हां तो इसका क्या औचित्य है ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1964. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्ड अन्तर्गत डोरवार पंचायत के कुआढ़ उत्तर, वार्ड नं०-3 विगत 20 वर्ष पहले बिजली पोल एवं तार लगा कर बिजली आपूर्ति चालू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में विगत दस वर्षों से ट्रांसफॉर्मर के अभाव में वार्ड नं० 3 का विद्युत् आपूर्ति बाधित है, जिससे काफी लोगों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में ट्रांसफॉर्मर लगाना चाहती है हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक का पदस्थापन

*1965. श्री रामलषण राम ''रमण''—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर एवं अंधराठाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त अस्पतालों में महिला चिकित्सकों को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*1966. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया स्थित अशोक स्तम्भ एवं नंदनगढ़ राष्ट्रीय धरोहर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धरोहर की अस्मिता को बचाने तथा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु वर्ष 2005 से सरकार द्वारा 2007, 2008 एवं 2011 में घोषणा की जाती रही है, परन्तु स्थिति पूर्ववत है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लौरिया अशोक स्तम्भ एवं नंदनगढ़ के स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सा कार्य प्रारम्भ करना

*1967. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड के बसतपुर पंचायत अन्तर्गत मधुबन गाँव में वर्ष 1999 में आई०पी०पी०एम०-7 योजना से स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में आजतक चिकित्सा कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सा कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1968. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उतरथू, ससौर, नोआँवां एवं चकदीन में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति सरकार द्वारा वर्ष 2006-07 में दी गई थी परन्तु आजतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु कोई भी प्रक्रिया नहीं अपनाई गयी है, यदि हां, तो इस संबंध में सरकार कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1969. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बड़हरा कोठी प्रखण्ड में विद्युत सब-पावर स्टेशन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बड़हरा कोठी प्रखण्ड में विद्युत पावर सब-स्टेशन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का उत्क्रमण करना

*1970. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखण्ड में रेफरल अस्पताल नहीं रहने के कारण आम लोगों को चिकित्सा के लिए जिला मुख्यालय गया आना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वजीरगंज स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में परिणत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1971. श्री रामलषण राम ''रमण''—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 219 है, परन्तु कुल पदस्थापित चिकित्सकों की संख्या मात्र 75 है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सभी स्वीकृत पदों के विरुद्ध चिकित्सकों को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वि० आपूर्ति का नियमितिकरण

*1972. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी अनुमण्डलीय शहर है, जहां विद्युत आपूर्ति नियमित नहीं है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

डॉक्टर एवं कर्मी की व्यवस्था

*1973. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गया है, उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर न तो कभी डॉक्टर न ही दवा उपलब्ध रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का जीर्णोद्धार के साथ-साथ डॉक्टर एवं कर्मचारी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अलग फीडर की व्यवस्था

*1974. श्री दिलीप वर्मा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत सिकटा फीडर से सिकटा विधान-सभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र को विद्युत की आपूर्ति एक साथ होने के कारण शहरी क्षेत्र को विगत तीन वर्षों से विद्युत की आपूर्ति बाधित हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार शहरी के लिये अगल फीडर की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा० उ०के० खोलना

*1975. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के बनमा ऊटहरी प्रखण्ड अन्तर्गत सहुरिया पंचायत के हरा हरी गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो प्रावधान के अलोक में क्या सरकार इस गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1976. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पैनापुर (मेहनौर) महादलित टोला में आजादी के पश्चात से आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत सभी महादलित ग्रामों एवं टोलों में विद्युतीकरण योजना से जोड़ने का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा विद्युतीकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को सितम्बर, 2010, अप्रील, 2009, जून, 2009 एवं मार्च, 2011 में आवेदन भी दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1977. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन्धुगंज, भरथु, नन्दना, मुरगाँव, सुकियामा, सोनवाँ, देहुनी, केउर, कोर्रा, कुर्रे भवनहीन होने के कारण विगत दो वर्षों से बन्द है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कराकर 24 घंटे विशेष स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1978. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर पावर सब-स्टेशन का उद्घाटन 2004 में हुआ है जो चालू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सब-स्टेशन में चार फीडर के लिए 5 के०भी०ए० का दो ट्रांसफॉर्मर लगना था जो एक ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 5 के०भी०ए० का दूसरा ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के चलते बिजली की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पा रही है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सब-स्टेशन में 5 के०भी०ए० का एक और ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1979. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड के कुडवा पंचायत अन्तर्गत चखैदर ग्राम में स्थापित 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर विगत 2 माह से जला हुआ है जबकि जले हुए ट्रांसफॉर्मर को 72 घंटे के अन्दर बदल कर विद्युत व्यवस्था चालू करने का प्रावधान है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में जले ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा व्यवस्था प्रारंभ कराना

*1980. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा प्रखण्ड अधीन चिकनी, चम्पावती, दमैली तथा के० नगर प्रखण्ड अधीन मजरा, सतकोदरिया में प्रा० स्वा० केन्द्र की स्वीकृति प्रदान करने के बावजूद भवन निर्माण समेत अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण चिकित्सा व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1981. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के ग्राम गेहुमा वैरिया में वर्ष 1978 में 68 कि०पी० का ट्रांसफॉर्मर लगा जो कार्यरत नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर लगने के बावजूद गाँव वालों को विद्युत आपूर्ति नहीं की गई एवं 15 दिनों के अन्दर उक्त ट्रांसफॉर्मर जल गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गेहुमा वैरिया का ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गहन चिकित्सा कक्ष का निर्माण

*1982. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुमण्डलीय अस्पताल, दानापुर में गहन चिकित्सा कक्ष (आई०सी०यू०) नहीं होने के कारण मरीजों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस अस्पताल में पटना के सुदूर इलाकों जैसे बिक्रम, नौबतपुर, मनेर, बिहटा, पालीगंज आदि के मरीजों का उपचार होता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमण्डलीय अस्पताल दानापुर में गहन चिकित्सा कक्ष (आई०सी०यू०) निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण करना

*1983. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत प्रेमनगर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर है एवं चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन जर्जर होने के कारण औषधि रखने में कर्मचारियों को बैठने एवं रोगियों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार करने एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक के अनुपस्थिति का औचित्य

*1984 श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत सरसोपाही पंचायत में अवस्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है एवं उक्त केन्द्र पर पदस्थापित एम०बी०बी०एस० चिकित्सक महीने में एक दिन भी नहीं आते हैं, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

विद्युत आपूर्ति करना

*1985. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के विदुपुर प्रखण्ड/बाजार में विद्युत आपूर्ति हेतु चौर इलाके से विद्युत का तार गुजरता है जहां चोरी के भय से अल्युमुनियम की जगह लोहा का तार लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोहा के तार से विद्युत आपूर्ति होने के कारण उक्त इलाके में हमेशा वोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चौर की जगह हाजीपुर-महनार पथ होकर अल्युमुनियम तार से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1986. श्री ई० अजीत कुमार-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कांटी प्रखंड के पानापुर गांव अवस्थित आयुर्वेद चिकित्सालय उचित रख-रखाव एवं चिकित्सा कर्मी के अभाव में बंद हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् मुजफ्फरपुर की देख-रेख में वर्ष 1955 से संचालित होने वाले इस अस्पताल की बंदी के कारण उक्त क्षेत्र के 28 गांव के लोगों को चिकित्सा सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी का पदस्थापन कर जनहित में अस्पताल चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्रान्सफॉर्मर उपलब्ध कराना

*1987. श्री रामप्रवेश राय-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार बिजली बोर्ड द्वारा सितम्बर, 2010 में गोपालगंज जिला अन्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम देवापुर उपाध्याय टोला तथा बलहां-खबरनवां और मांझा प्रखंड के ग्राम सिपाहखास तथा दानापुर नया टोला में ट्रान्सफॉर्मर लगाने का आदेश दिया गया था और यह आदेश बिहार बिजली बोर्ड के पत्रांक 1981, दिनांक 23 सितम्बर, 2010 द्वारा दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उसमें से मात्र देवापुर उपाध्याय टोला को ट्रान्सफॉर्मर मिल सका और बाकी बचे तीनों ग्रामों बलहां-खरबनवां सिपहाखास तथा दानापुर नया टोला को अभीतक उक्त ट्रान्सफॉर्मर प्राप्त नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बचे हुए शेष ग्रामों को ट्रान्सफॉर्मर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*1988. श्री सदानन्द सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-रत्तीचक का विद्युतीकरण अबतक नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 के फरवरी माह में ब्यालीस (42) की संख्या में एवं नवम्बर माह में अड़तीस (38) की संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभूति की राशि जमा कर दी है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता ने अपने पत्रांक 794, दिनांक 29 सितम्बर, 2011 द्वारा अध्यक्ष, विद्युत बोर्ड से उक्त ग्राम को विद्युतीकृत करने का आग्रह किया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रत्तीचक ग्राम को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

तार बदलना

*1989. श्री आलोक रंजन-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखंड अन्तर्गत बनगाँव एवं कहरा गांव में विद्युत का तार काफी जर्जर रहने के कारण वर्ष 2011 में चार दुर्घटनायें हो चुकी हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता ने विद्युत महाप्रबंधक, सहरसा एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, सहरसा को जून, 2011 अगस्त, 2011 नवम्बर, 2011 एवं जनवरी, 2012 में उक्त तार बदलने हेतु लिखित आग्रह किया है परन्तु अभीतक जर्जर तार को बदला नहीं गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित गांव में विद्युत तार बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दवा एवं सुविधा उपलब्ध कराना

* 1990. श्री प्रमोद कुमार-- स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 8 सितम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कालाजार वार्ड में मरीजों को नहीं मिलता भरपेट भोजन न ही मच्छरदानी, मरीजों को सूई तक नसीब नहीं'' क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्तर पर कालाजार के मरीजों को मिलने वाली दवा का अभाव है एवं मोतिहारी सदर अस्पताल में मरीजों को निर्धारित सुविधा नहीं देकर उपेक्षा की जा रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कालाजार के मरीजों को दवा की व्यवस्था एवं निर्धारित सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

विकसित करना

* 1991. श्री कृष्णनन्दन यादव-- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक-चकबथानी प्रखंड अन्तर्गत झरना-सरेन गाँव में पहाड़ी से अनवरत पानी निकलते रहता है एवं भगवान बुद्ध बैठकर तपस्या किये थे;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बौद्ध पर्यटकों के हित में उक्त स्थल को बौद्ध पर्यटन के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रा०उप-स्वा० केन्द्र खोलना

* 1992. श्री विनोद कुमार सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंडान्तर्गत वरझल्ला पंचायत में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण वहां के करीब 15 हजार आम जनता को उपचार हेतु 30 कि०मी० कटिहार जाना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार वरझल्ला में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चिकित्सकों का पदस्थापन

* 1993. श्री अमन कुमार-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखंड के अकबरपुर ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी पदस्थापित नहीं हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कहलगांव प्रखंड के अकबरपुर ग्राम में स्वीकृत पद के आलोक में चिकित्सकों के पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

* 1994. श्री विभाष चन्द्र चौधरी-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड में अवस्थित प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, समेली में एक्स-रे मशीन, पैथोलॉजी, चिकित्सक आवास एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्र की चहारदीवारी नहीं, है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति सुचारु करना

*1995. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर पावर सब-स्टेशन का ओसीबी पिछले छः महीनों से खराब होने के कारण यहां के दक्षिणवर्ती ग्राम महुआंव, बियर, मनियारा, विक्रमपुर, बनाही, बगही सहित दर्जनों ग्राम में विद्युत आपूर्ति पूर्णतया बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार खराब पड़े ओसीबी को ठीक कराकर उक्त दक्षिणवर्ती ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुचारु करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*1996. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के महियामा एवं ठेठरा (देवरी) ग्राम के नलकूप (ट्यूबवेल) 3 वर्ष से तैयार है, लेकिन विद्युत के अभाव में चालू नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लघु जल संसाधन विभाग, भागलपुर द्वारा ऊर्जा विभाग को एक वर्ष पूर्व ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री की आपूर्ति के लिए राशि जमा करा दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को विद्युत आपूर्ति कर चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति रद्द करना

*1997. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ज्ञापांक 1/आई-18/2009-341 (1/स्वा०), दिनांक 24 मई, 2011 के द्वारा निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना को विहित प्रक्रिया के विपरीत उक्त संस्थान के विज्ञापन संख्या 11/स्टेनो-एडहक/स्वा०/2010 के आलोक में आशुलिपिक के पद पर की गयी नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश दिया गया था, लेकिन अबतक नियुक्ति को निरस्त नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार गलत नियुक्ति करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए नियुक्ति को रद्द करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो, क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1998. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखंड के धर्मपुर पंचायत के धर्मपुर ग्राम के महादलित (मुशहर) टोला अवस्थित ट्रांसफॉर्मर छः महीना से जला हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकरात्मक है, तो क्या सरकार ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो, क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1999. श्री रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड के वाकरचक, चमड्डी, चकरहीमा, कजीबिगहा आदि एक दर्जन से अधिक गांवों में आजादी के बाद भी अभीतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत उक्त गांव में प्राथमिकता के आधार पर विद्युतीकरण का कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवरी का निर्माण करना

*2000. श्री विरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र पर मवेशी, जानवरों का आना-जाना होता है, जिससे चिकित्सा कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी का निर्माण करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*2001. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत विरहिमा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक 2 वर्षों से नहीं हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत उप-केन्द्र नहीं होने का औचित्य

*2002. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में एक भी विद्युत उप-केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

विद्युतीकरण करना

*2003. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्रखंड के गजहारा ग्राम विद्युत से बंचित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांव में विद्युतीकरण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय बढ़ाना

*2004. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 19 जुलाई, 2011 को सरकार ने संकल्प के माध्यम से संविदा पर कार्यरत दन्त चिकित्सों के अनुबंध की राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, रोहतास के कार्यकारिणी की बैठक में सिविल सर्जन, रोहतास द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2012 को लिये गये संविदा पर बहाल दन्त चिकित्सकों को मात्र 500 रु० प्रति कार्य दिवस भुगतान करने का निदेश दिया गया है, जो सरकार के संकल्प की अवहेलना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा पर कार्यरत दन्त चिकित्सों को प्रति कार्य दिवस 500 रुपये को मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

मानसिक अस्पताल खोलना

*2005. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य से झारखण्ड राज्य का विभाजन होने के बाद राँची स्थित कांके अस्पताल झारखण्ड सरकार के अधीन हो गया है, लेकिन उक्त स्तर का एक भी मानसिक अस्पताल बिहार में स्थापित नहीं है, यदि हां तो सरकार बिहार के मानसिक रोगियों के इलाज हेतु विकसित एवं आधुनिक मानसिक अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज एवं अस्पताल बनाना

*2006. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सीमांचल के पूर्णियां प्रमंडल मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल की स्थापना हेतु सारी प्रारंभिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी क्षेत्र का एक भी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा की सभी सुविधाओं से पूर्णियां प्रमंडल में उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण गंभीर बीमारी से ग्रस्त रोगियों एक्सीडेंटल केसेस, मरणासन रोगियों का या तो 250 कि०मी० दूर बंगाल के सिल्लीगुड़ी अथवा लम्बी दूरी तय कर पटना में इलाज कराना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियां में अररिया, किशनगंज, कटिहार, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा जिले के वासियों की समुचित इलाज हेतु एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत संयंत्र बदलना एवं ग्रिड से जोड़ना

*2007. श्री मंजीत कुमार सिंह—दिनांक 12 जून, 2011 को दैनिक समाचार-पत्र के शीर्षक ''चारागाह बना झझवां विद्युत उपकेन्द्र'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिंधवलिया प्रखण्ड के झझवां बाजार में अवस्थित 33/11 के०वी०ए० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र जर्जर अवस्था में है, जिससे विद्युत समस्या से लगभग 50 हजार की आबादी जूझ रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि झझवां विद्युत उपकेन्द्र में तार जर्जर है तथा आइसोलेटर एवं ब्रेकर भी खराब पड़े हुये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि झझवां विद्युत् उपकेन्द्र में 5 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर की चोरी हो गई है, जिससे विद्युत् संचार ठप है;

(4) क्या यह बात सही है कि झझवां 33 के०वी०ए० सब-स्टेशन, गोपालगंज ग्रिड 220/132 के०वी०ए० से नहीं जोड़कर टेंपिग किया गया है;

(5) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झझवां विद्युत् उपकेन्द्र के जर्जर, ब्रेकर, आइसोलेटर 5 एम०भी०ए० के ट्रांसफॉर्मर, जर्जर कनेक्टर को बदलने तथा 220/132 के०वी०ए० गोपालगंज ग्रिड से जोड़ने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2008. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम नीरपुर में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक है, यदि हां, तो क्या सरकार नीरपुर मदरसा के निकट अतिरिक्त विद्युत् ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2009. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखण्ड के परिहार में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का मकान काफी जर्जर स्थिति में है एवं वहां चिकित्सकों के उपलब्ध नहीं रहने से ग्रामीणों के चिकित्सा में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जर्जर मकान का निर्माण करवाने तथा चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2010. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा के भलुवहिया ग्राम में एन०एच० 28 ए के बगल में 4 वर्ष पूर्व से विद्युत् ट्रांसफॉर्मर जला है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच की व्यवस्था

*2011. डॉ० इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 25 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''चिकन गुनियां की जांच पर ब्रेक'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मच्छरों के काटने से चिकन गुनियां की बीमारी होती है जिसकी जाँच मात्र पी०एम०सी०एच० अस्पताल में की जाती है परन्तु विगत दो माह से माइक्रो बायोलौजी विभाग में इसकी जांच कीट के अभाव में बंद हो गई है जबकि मच्छरों के काटने से वर्ष 2011 में 30 रोगी पोजिटीव पाये गए हैं, यदि हां, तो सरकार राज्य की जनता के हित में जाँच कीट की व्यवस्था कबतक सुनिश्चित करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*2012. श्री शैलेश कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के गोवड्डा पंचायत के शिवपुर लौगाय में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*2013. श्री सुमित कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखण्ड में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण वर्ष 1968-69 में हुआ था, जो काफी पुराना और जीर्ण शीर्ण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में उसमें 2 एम0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगा था जो काफी पुराना और जर्जर हो चुका है, यदि हां, तो क्या सरकार बढ़ती आबादी और बढ़े हुए उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति हेतु 5 एम0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाकर उक्त सब-स्टेशन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2014. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के शहर के मुख्य सड़क के विस्तारीकरण के क्रम में बिजली के पोल सड़क पर आ गये हैं, जिससे यातायात अवरुद्ध होता है एवं बिजली के तार पुराने एवं जर्जर हो गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान हेतु अन्दर ग्राउण्ड केबुल के माध्यम से विद्युत् आपूर्ति करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जर्जर तार बदलना

*2015. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के आशोपुर, हथियाकान्ध, हनुमानगंज, खरंजा रोड, उसरी, न्यू मैनपुरा, प्रगति नगर आदि मुहल्लों में जर्जर विद्युत् तार होने के कारण हमेशा विद्युत् तार टूटते रहते हैं, स्पर्शाघात का खतरा बना रहता है तथा विद्युत् आपूर्ति बाधित होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो, कबतक,नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण करना

*2016. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड इसुआपुर के इसुआपुर गाँव में एक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य वर्ष 2005-06 में शुरू किया गया था, जो अभीतक अपूर्ण है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसुआपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

लाभ नहीं मिलने का औचित्य

*2017. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला एवं प्रखण्ड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के जगदीशपुर तरवन्ना निवासी धरनी साव एवं विकास साव का घर दिनांक 17 जून, 2011 को आग लगने के कारण जल गया परन्तु पीड़ित परिवार बी0पी0एल0 होते हुए भी इंदिरा आवास योजना के लाभ से वंचित हैं, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2018. श्री विनय कुमार सिंह— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के हराजी पंचायत के ग्राम धारीपुर में विगत 2 वर्षों से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2019. श्री वैद्यनाथ सहनी —क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गुलाई बसही, राज हरपुर भिन्डी, चकसिकन्दर के पूर्वी भाग एवं राज इन्द्रवारा और पटोरी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज दरबा में विद्युत् आपूर्ति की जाती थी;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1987 की भीषण बाढ़ के कारण विद्युत् पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो गये, जिस कारण आजतक विद्युत् आपूर्ति बन्द है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कराना

*2020. डॉ० नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ श्री सुनील पाण्डेय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अनुमंडल पीरो में 100 बेड के अनुमंडलीय अस्पताल वर्ष 2010 में बनाने की अनुमति मिली थी;

(2) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इसमें कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल को यथाशीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*2021. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा के प्रखण्ड हथुआ ग्राम पंचायत राज जीगना जगन्नाथ में विद्युतीकरण कार्य हेतु आपने विधायक मद के बारह लाख रुपया की अनुशंसा वर्ष 2007 में एवं सिगहां पंचायत के ग्राम बगही के विद्युतीकरण हेतु तीन लाख रुपया की अनुशंसा किया परन्तु अभीतक उपरोक्त दोनों ग्राम में विद्युतीकरण कार्य पूरा नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अधूरे कार्य को पूरा कर उपरोक्त ग्रामीणों को विद्युत् का लाभ दिलाने एवं कार्य पूरा न कराने वाले दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देना

*2022. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमण्डल अन्तर्गत रेफरल अस्पताल अवस्थित है, जिसका भवन एवं अस्पताल परिसर अनुमण्डलीय अस्पताल स्तर का बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज अनुमण्डल में अवस्थित वह अस्पताल अनुमण्डलीय अस्पताल के सभी शर्त्तों को पूरा करता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरकटियागंज अनुमण्डल में अवस्थित रेफरल अस्पताल को अनुमण्डलीय अस्पताल की सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण करना

*2023. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिंधवलिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत शेर टोला के ब्रह्मपुरावा ग्राम का विद्युतीकरण हेतु कार्यपालक अभियंता, विद्युत, गोपालगंज के द्वारा पत्रांक 74, दिनांक 3 मई, 2010 को सहायक अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बरौली को प्राक्कलन बनाने हेतु निदेश दिये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि सहायक अभियंता, विद्युत आपूर्ति, बरौली के द्वारा शेर टोला ब्रह्मपुरावा के विद्युतीकरण हेतु प्राक्कलन बनाकर पत्रांक 725, दिनांक 27 मई, 2010 को कार्य० अभि०, गोपालगंज को सुपुर्द कर दी गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि शेर टोला ब्रह्मपुरावा का विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ब्रह्मपुरावा में विद्युतीकरण का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवास मुहैया कराना

*2024. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखण्ड के रंगललही गांव में 2008 में भीषण आग लग गयी थी जिसमें 30 घर जलकर राख हो गये हैं, यदि हां, तो अभीतक पीड़ित परिवारों को आवास नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*2025. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा के सिंघिया प्रखण्ड के ग्राम लगमा में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अ० स्वा० उ० के० बनाना

*2026. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड मोहरनपुर का पंचायत अम्मावरी, केवला, जंगली, उग्रवाद प्रभावित एवं सड़कविहिन है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वस्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाएं, बच्चे एवं गरीब बीमार रास्ता में ही दम तोड़ देते हैं;

(3) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अम्मावरी में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----------

भवन का जीर्णोद्धार

*2027. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन का भवन अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन के भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विकसित करना

*2028. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के जीवछघाट एवं गौसा घाट पर प्रतिवर्ष माघी एवं कार्तिक पूर्णिमा का मेला लगता है जिसमें राज्य भर से लाखों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं जिससे सरकार को राजस्व के रूप में 2 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्राप्त होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गौसा घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

व्यवहार न्यायालय की स्थापना

*2029. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी में मनिहारी अनुमंडल कार्यालय की स्थापना 1994 में हुई;

(2) क्या यह बात सही है कि यहां अबतक अनुमण्डल न्यायालय नहीं बनाया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यहां अनुमंडल न्यायालय की स्थापना का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----------

पुस्तकालय की स्थापना

*2030. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला विधिज्ञ संघ में छ: सौ अधिवक्ता निबंधित हैं परन्तु वहां कोई पुस्तकालय उपलब्ध नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार लखीसराय में विधिज्ञ पुस्तकालय की स्थापना जनहित में करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

भवन का निर्माण

*2031. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्ड के नाजीरपुर पंचायत के अ० प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं है एवं किराये के मकान में चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*2032. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखण्ड के सोनकी अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं रहते हैं, जिसके संबंध में उच्चाधिकारियों के पास प्रश्नकर्त्ता द्वारा शिकायत की जा चुकी है, यदि हां, तो इनकी नियमित उपस्थिति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्मार्ट कार्ड बनवाना

*2033. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का हाल बदतर'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत बी०पी०एल० परिवारों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए स्मार्ट कार्ड निर्माण योजना का कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित जिला के 18 प्रखण्डों में से अबतक 14 प्रखण्डों में ही स्मार्ट कार्ड बना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 18 प्रखण्डों में से 4 प्रखण्डों में शेष बी०पी०एल० परिवारों के स्मार्ट कार्ड को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*2034. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच०, पटना में सर्जरी आई०सी०यू० विगत एक वर्ष से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण गम्भीर रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक पी०एम०सी०एच०, पटना के सर्जरी आई०सी०यू० को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आपूर्ति कराना

*2035. श्री भोला राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखण्ड के अ०प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्गागंज का भवन बनकर तैयार है, किन्तु उपस्कर की आपूर्ति नहीं होने के कारण अस्पताल में लोगों को सुविधा नहीं मिल पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में उपस्कर की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*2036. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ नगर पंचायत के वार्ड नं० 20 स्थित राजकीय होमियोपैथिक औषधालय में मिश्रक का पद एक वर्ष से रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार औषधालय में मिश्रक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2037. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सरैया प्रखण्ड के बखरा विद्युत केन्द्र में 3.5 के०वी०ए० का पावर ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, परन्तु ओवर लोड के कारण विभाग द्वारा 5 के०वी०ए० पावर ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति दो साल पहले दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय आदेश के उपरान्त आवंटित पावर ट्रांसफॉर्मर महाप्रबन्धक, मुजफ्फरपुर में बेकार पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में शीघ्र पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है ?

---------

मशीन चालू कराना

*2038. श्री प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पी०एम०सी०एच०) एकमात्र गरीबों के लिए सहारा है, परन्तु यहां सी०टी० स्कैन मशीन और एम०आर०आई० मशीन विगत तीन वर्षों से कार्यरत नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार पी०एम०सी०एच० के सी०टी० स्कैन मशीन एवं एम०आर०आई० मशीन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत आपूर्ति करना

*2039. श्री उमाकांत यादव-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड के मोहनपुर गाँव की कुल आबादी 1000 (एक हजार) है, जिसमें 100 (एक सौ) से ऊपर महादलित की संख्या तथा अत्यंत पिछड़ों की संख्या 800 (आठ सौ) के करीब है और अन्य जातियों की संख्या है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के चारों तरफ गाँव में बिजली की आपूर्ति हो रही है, लेकिन मोहनपुर गाँव में बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आमलोगों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मोहनपुर गाँव में कबतक बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूरा कराना

*2040. श्री गजानन्द शाही-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा प्रखण्ड के ग्राम मेहुँश एवं बरबीघा प्रखण्ड के ग्राम तोयगढ़ में वर्ष 2007 में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था, जो पूर्ण नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों सब-स्टेशन के निर्माण में लगने वाले सामग्री, उपकरण की आपूर्ति विद्युत बोर्ड कार्यालय द्वारा मुहैया नहीं कराने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सब-स्टेशन के लिए सामग्री, उपकरण आदि शीघ्र उपलब्ध कराते हुए निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों को भरना

*2041. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प 1098, ज्ञापांक 12 प०-01/2006-1098 (प०क०), दिनांक 6 दिसम्बर, 2006 में वर्ष 2010 तक कुल 2907 आयुष चिकित्सकों को बहाल करने का निर्णय हुआ था, जिसमें 1384 की ही नियुक्ति हो सकी तथा शेष पद अबतक रिक्त हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आयुष चिकित्सकों की शेष रिक्त पदों को प्रकाशित सूची से भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*2042. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत के बरारी प्रखण्ड अन्तर्गत लक्ष्मीपुर गाँव में निर्माणाधीन पावर सब-स्टेशन का जनवरी, 2011 से पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य बन्द है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य अविलम्ब शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अति० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

*2043. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड में ग्राम पंचायत तोल, ठेंगो, पीपरा, चन्द्रगढ़, नाठर, मझियावाँ, केरका में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के लोगों को इलाज हेतु 5 से 20 किलो मीटर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*2044. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय के सहरसा शहर के वार्ड नं० 5 में अभीतक न तो बिजली का खंभा गाड़ा गया है और न ही इसपर तार लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत उपभोक्ता अपना-अपना तार लगाकर और बांस का खंभा गाड़कर 400 से 800 मीटर की दूरी से बिजली का लाईन लिए हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहरसा शहर के वार्ड नं० 5 में अविलम्ब विद्युत खंभा गाड़कर एवं तार लगाकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2045. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के हटवलिया गाँव के 60 से अधिक लोगों ने वर्ष 1991 में ही विद्युत कनेक्शन हेतु राशि जमा किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत आपूर्ति चालू नहीं होने के बावजूद उपभोक्ताओं को विपत्र आना प्रारंभ हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के लोगों ने बिजली आपूर्ति बहाल कराने हेतु अनेकों बार उच्चाधिकारियों को आवेदन दिया, परन्तु बीस वर्ष बीतने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराना तथा विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन निर्माण पूर्ण करना

*2046. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखण्ड के फुलहर गाँव में स्थित गिरिजा स्थान में पर्यटन विभाग द्वारा बन रहे भवन को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, नहीं, तो क्यों ?

-------

जर्जर तार बदलना

*2047. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड मे हुण्डाहा चौर से शिवनाथपुर तक 11000 वोल्ट का तार जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

संकल्प का अनुपालन

*2048. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के संकल्प सं० 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत है कि माननीय विधायकों द्वारा लिखे गये पत्रों पर एक माह के अंदर कृतकार्रवाई की सूचना माननीय विधायक को देनी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्रांक 387, दिनांक 3 दिसम्बर, 2011 प्रधान सचिव, समान्य प्रशासन, प्रधान सचिव, नगर विकास, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को पत्रांक 398, दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 पुलिस महानिदेशक, बिहार, अररिया, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को लिखा गया है परंतु पत्र पर कृतकार्रवाई से आजतक प्रश्नकर्त्ता को अवगत नहीं कराय गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त संकल्प का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वा० केन्द्र खोलना

* 2049. श्रीमती बीमा भारती-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखंड के सुरैती पंचायत के भिट्ठा गांव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भिट्ठा गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दर्जा दिलाना

* 2050. श्री भाई वीरेन्द्र-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफरल अस्पताल में परिणत करने की सभी प्रक्रिया को पूरा करती है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को रेफरल अस्पताल का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

* 2051. श्री गोपालजी ठाकुर-- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के हैहट भगवती स्थान, नवादा, महावीर स्थान, मकरमपुर, महिनाम बहदी भूतनाथ स्थान बहेड़ी प्रखंड के हावीडीह भगवती स्थान, बिरौल प्रखंड के दरवेश्वर स्थान, देकुली धाम तथा सती स्थान परड़ी प्रमुख धार्मिक स्थल होने के कारण लाखों श्रद्धालू का आवागमन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थान पर्यटक स्थल के लिए सभी शर्तों को पूरा करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थानों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

* 2052. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, फुलवरिया के लिए 1982 में जमीन निबंधित होने तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मलकौनिया, जमुआ, तेलहारा, खरूही, बलुआ के लिए जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है जिससे वहां की जनता में आक्रोश है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर जनहित में कबतक स्वा० उप-केन्द्रों हेतु भवन निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देना

* 2053. श्री चन्द्रशेखर-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 03 नवम्बर, 2011 में प्रकाशित शीर्षक ''आब केकरा लेल करबै छैठ'' के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 02 नवम्बर, 2011 को सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड के शीतलपट्टी-कपसिया पुल के निकट नदी के घाट पर सूर्यदेव के अर्घ्य देने हेतु स्नान करने के दरम्यान कपसिया निवासी युवक रविशंकर कुमार सिंह एवं आतिश कुमार गुलशन की मौत पानी में डूब जाने से हो गई;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सहायता अनुदान की राशि मृतक के परिवार को देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूर्ण कराना

*2054. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सरमेरा प्रखंड के टाल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की योजना विगत 10 वर्षों से स्वीकृत है, परन्तु आजतक टाल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति संबंधी योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जिससे किसानों को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार लंबित योजना को कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिरिक्त सत्र न्यायालय खोलना

*2055. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी में व्यवहार न्यायालय कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी में केवल अनुमण्डलीय न्यायायिक दण्डाधिकारी का न्यायालय कार्यरत है;

(3) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय कार्यरत नहीं है, जिससे आम लोगों को न्याय मिलने में काफी खर्च का बोझ उठाना पड़ता है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी में अतिरिक्त सत्र न्यायधीश का न्यायालय के संचालन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2056. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसवा प्रखंड के बोच गांव और लखना पंचायत के 25 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर विगत दो वर्ष से जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यालय खोलना

*2057. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत दियारा क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति और उसकी देख-रेख पटना के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, फतुहा से होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दियारा क्षेत्र के लोगों को विद्युत कंज्यूमर बनने, विद्युत बिल जमा करने, लाईन गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराने जैसे सभी कार्यों के लिए पटना स्थित फतुहा आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय में आना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहां के ग्रामीणों की सुविधा एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राघोपुर प्रखंड में विद्युत कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :<br>
दिनांक 16 मार्च, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मी कान्त झा,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 149--डी०टी०पी०--450--